मानसरोवर के टेक्नॉलोजी पार्क में बनेगा इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मानसरोवर के टैक्नोलॉजी पार्क में महिलाओं की समस्याओं के समाधान व काउंसलिंग के लिये इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र बनेगा। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत के इस प्रोजेक्ट पर महिला एवं बाल विकास विभाग और राजस्थान आवासन मण्डल मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में गुरूवार को हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा और महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव के.के.पाठक ने चर्चा की। पाठक ने इस संबंध में प्रजेंटेशन और प्रस्ताव दिया है।

पवन अरोडा ने बताया कि इस केन्द्र के निर्माण पर बोर्ड ने सैद्धांतिक सहमति जताई है। बोर्ड की आगामी बैठक में इस प्रोजेक्ट की अनुमति ली जायेगी। हाऊसिंग बोर्ड और महिला एवं बाल विकास विभाग के मध्य राज्य सरकार की अनुमति के बाद एक एमओयू साईन किया जायेगा। इस प्रोजेक्ट की लागत लगभग 3 करोड़ रूपये होगी।

अरोडा ने बताया कि यहां महिलाओं की समस्याओं के समाधान से संबंधित विभिन्न काउंसलिंग एवं समाधान केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। यह केन्द्र अभी महिला आयोग में चल रहा है जिसे यहां स्थानान्तरित किया जायेगा। यह केन्द्र अपनी तरह का अनूठा होगा, जिसमें बच्चों के लिये डे-केयर सेंटर, क्रेच और महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिये काउंसलिंग एवं समाधान केन्द्र बनाया जायेगा। इस केन्द्र पर सेल्फ डिफेंस और उद्यिमता व कौशल प्रशिक्षण के लिए

- **तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस केन्द्र पर हाऊसिंग बोर्ड और महिला बाल विकास विभाग काम करेंगे**
- **हालांकि अभी राज्य सरकार से अनुमति मिलनी बाकी है, इसके बाद ही दोनों विभाग एमओयू साइन करेंगे**

नियमित सुविधा केन्द्र बनाने के साथ यहां आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व साथिनों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यहां महिलाओं और बच्चों के लिये उनकी कला व अभिरूचि के विकास के लिये नियमित रूप से हॉबी क्लासेज के संचालन करने के लिए कला केन्द्र बनाया जायेगा। महिला एवं बच्चों के लिये माईनर स्पोर्ट्स जोन, महिला संघ सहायता समूह के हस्तशिल्प, परिधान एवं खाने-पीने के उत्पादों के प्रमोशन के लिये हेरिटेज हाट व फूड जोन बनाया जायेगा। यहां दूर दराज से आने वाली महिलाओं को ठहरने के लिये विश्राम स्थल का निर्माण करवाया जायेगा। इस विश्राम स्थल में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित करने के साथ इसे वातानुकूलित बनाया जायेगा। यहां बच्चों के शारीरिक विकास एवं मनोरंजन के लिये किडस प्ले व एंटरटेनमेंट जोन बनाया जायेगा। इसके साथ ही यहां पोषण वाटिका या न्यूट्री गार्डन, वॉक एण्ड लर्न पाथ वे भी बनाया जायेगा।